# एक्सप्रेसवे पर अब केवल 10 रुपये प्रति यूनिट में चार्ज हो सकेंगे वाहन

- जमानत पर छूटे आरोपियों से पहले होगी पूछताछ
- ईडी ने आरोपियों की संपत्तियों का जुटाया ब्योरा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गोरखपुर व लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर अब इलेक्ट्रिक वाहन केवल औसतन 10 रुपये में अपने इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज करा सकेंगे। इन एक्सप्रेसवे पर चार्जिंग स्टेशन बनाने का जिम्मा अडानी टोटल इनर्जी ई-मोबिलिटी कंपनी को दिया जाना तय है।

पीपीपी मॉडल पर एक्सप्रेसवे पर फास्ट ई-चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए खोली गई निविदा में सबसे कम 9.74 रुपये प्रति किलोवाट यूनिट दरें उपरोक्त कंपनी की ही आई हैं। बिड में चार्ज जोन, टाटा पावर, कैश यूआर ड्राइव, सर्वोटेक पावर, वर्दे मोबिलिटी व अडानी टोटल ने हिस्सा लिया और अडानी टोटल की दरें सबसे कम 9.74 रुपये प्रति किलोवाट यूनिट आई। माना जा रहा है कि बाइक, तिपाहिया वाहन व चार पहिया सवारी वाहन को औसतन 10 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से चार्ज करवा सकेंगे। यह चार्जिंग स्टेशन हर 100 किमी पर उपलब्ध होंगे। अभी जहां अन्य जगह इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन हैं, वहां पर बाइक, स्कूटर के लिए 15 रुपये, कार के लिए 18 रुपये व भारी वाहन के लिए 15 रुपये की दरें प्रचलित हैं।

## चयनित कंपनी को यह काम करने होंगे

योगी सरकार की ओर से 26 चार्जिंग स्टेशन के लिए प्रति स्टेशन दो हजार वर्गफुट की जगह 10 साल के लीज पर दी जाएगी। चार्जिंग प्वाइंट ऑपरेटर को दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया और ई-बस की चार्जिंग के लिए चार्जर स्थापित करना होगा। प्री-बिड मीटिंग में रिलायंस, जीएमआर एनर्जी, अडानी टोटल एनर्जी, बेलेक्ट्रिक, लाइट जिप टेक्नोलॉजी, ईवी प्लेक्सस, सिमेन्स लिमिटेड, कैश और ड्राइव, की तरफ से चार्जिंग स्टेशन के निर्माण में रुचि दिखाई गई है।